JALAUN POLICE

दिनांक – 06.05.2026

कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा सूचना के 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 शातिर चोर को चोरी के ट्रैक्टर मय ट्रॉली के साथ गिरफ्तार किया गया।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 05.05.2026 को कोतवाली कोंच में राज भाटिया पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम चन्दुर्रा थाना कोंच जनपद जालौन द्वारा तहीरीर सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के ट्रैक्टर को मय ट्रॉली के चोरी कर लिया गया है। जिसके संबन्ध में कोतवाली कोचं में मु0अ0सं0 86/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

पुलिस महानिदेशक महोदय, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में दिनांक 06.05.2026 को कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 02 शातिर चोर को चोरी के ट्रैक्टर मय ट्रॉली के साथ गिरफ्तार किया गया तथा एक आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग गया है। माल बरामदगी के संबन्ध में अभियोग में धारा बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही करते हुये आरोपियों को जेल भेजा गया है।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ में आरोपी करन, आलोक ने बताया कि यह ट्रैक्टर कोंच-एट मार्ग पर स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास से अपने साथी गोपी कुशवाहा के साथ मिलकर चोरी किया था। चोरी के बाद ट्रैक्टर को अपने गांव अण्डा के पास ही खेतों पर झाड़ियों में छुपा दिया था तथा आज हम तीनों लोग ट्रैक्टर को बेचने के लिये औरैया जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

आरोपीगण का विवरण-

1. करन वर्मा पुत्र भरत लाल नि0 ग्राम अण्डा थाना कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 19 वर्ष
2. आलोक कुमार उर्फ अंशुल पटेल पुत्र अजय कुमार नि0 ग्राम अण्डा थाना कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 20 वर्ष

फरार आरोपी का विवरण-

1.गोपी कुशवाहा पुत्र लल्लू राम नि0 ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 26 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद ट्रैक्टर मय ट्रॉली(चोरी का)

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम।